## आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 20.01.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत की ऐतिहासिक उपलब्धि और आधुनिक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में प्रगति की सराहना की है।
2. प्रधानमंत्री ने निकोबार ज़िले के वर्जिन नारियल तेल को GI Tag मिलने का ज़िक्र किया। कहा– भविष्य में इस तेल को दुनियाभर में जाना जाएगा।
3. रांची में आयोजित हो रही अड़सठवीं राष्ट्रीय स्कूल ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप अंडर–सेवेन्टीन प्रतियोगिता में अण्डमान निकोबार द्वीपों के खिलाड़ियों का अच्छा प्रदर्शन।
4. निकोबार ज़िले में क्लीन निकोबार, ग्रीन निकोबार स्वच्छता अभियान चल रहा है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत की ऐतिहासिक उपलब्धि और आधुनिक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में प्रगति की सराहना की है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि भारत प्रखर और नवोन्मेषी वैज्ञानिकों की बदौलत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित कर रहा है। कल आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की एक सौ 18वीं कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र में देश की हाल की उपलब्धियों की सराहना की। प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष में उपग्रहों की डॉकिंग में मिली सफलता के संबंध में कहा कि यह तकनीक अंतरिक्ष केंद्रों को सामग्री की आपूर्ति और अंतरिक्ष में यात्रियों को भेजने के लिए महत्वपूर्ण है।

स्टार्ट–अप इंडिया कार्यक्रम के नौ वर्ष पूरा होने पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में जितने स्टार्टअप्स नौ साल में बने हैं उनमें से आधे से ज्यादा टिअर–टू और टिअर–थ्री शहरों से हैं। श्री मोदी ने कहा कि छोटे शहरों के स्टार्टअप्स में आधे से ज्यादा का नेतृत्व बेटियां कर रही हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कार्यक्रम में निकोबार जिले में वर्जिन नारियल तेल को हाल ही में GI Tag मिलने का भी ज़िक्र किया। उन्होंने कहा कि वर्जिन नारियल तेल को GI Tag मिलने के बाद एक नई पहल की शुरूआत हुई है। इस तेल के उत्पादन से जुड़ी महिलाओं को संगठित करके स्वयं सहायता समूह बनाए जा रहे हैं, उन्हें Marketing और branding की special training भी दी जा रही है।

प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि भविष्य में निकोबार का वर्जिन नारियल तेल दुनिया–भर में जाना जाएगा और इसमें सबसे बड़ा योगदान अंडमान और निकोबार के महिला स्वयं सहायता समूह का होगा।

इस बीच, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के कृषि विकास केन्द्र की क्यारी की ओर से निकोबार के तपोइ–मिंग गांव में कल स्वयं सहायता समूहों के लिए एक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। कृषि आय सृजन गतिविधियों के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाना इस प्रशिक्षण का मकसद था। उद्‌घाटन सत्र को संबोधित करते हुए, निकोबार ज़िले के उपायुक्त अमित काले मारूतिराव ने कहा कि कृषि विशेषकर नारियल तेल उत्पादन इस क्षेत्र में किसानों के निए सत्‌त आय का बड़ा माध्यम बन सकता है।

उपायुक्त ने निकोशी नाम से वर्जिन कोकोनेट तेट के उत्पादन और उसकी ब्रॉर्डिंग को लेकर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि इस तेल को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंनें कहा कि निकोबार के करीब अठासी प्रतिशत भूमि पर नारियल के पेड़ उगे है। इस कारण बड़ी मात्रा में उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों, प्रगतिशील किसानों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने  भाग लिया।

<><><><><><><>

झारखंड के रांची में आयोजित हो रही अड़सठवीं राष्ट्रीय स्कूल ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप अंडर–सेवेन्टीन प्रतियोगिता में अण्डमान निकोबार द्वीपों के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। द्वीपों की साइक्लिंग टीम ने अंडर–सेवेनटीन में लड़कियों ने ट्रैक साइक्लिंग में स्वर्ण पदक जीता है। नमिता वायलेट, आई एस ब्रिडनी, ब्रिटनी और क्वीन–डेलिन की टीम ने इवेंट में स्वर्ण पदक जीता। अंडर–नाइनटीन में लड़के और लड़कियों के लिए व्यक्तिगत स्पर्धाएँ आज खेली जाएँगी।

<><><><><><><>

निकोबार ज़िला उपायुक्त अमित काले के नेतृत्व में 'क्लीन निकोबार, ग्रीन निकोबार' नामक स्वच्छता अभियान शुरू किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत संचालित यह अभियान पन्द्रह जनवरी को शुरू हुआ जो पच्चीस जनवरी तक चलेगा। इस अभियान में स्वच्छता और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ाने के सामूहिक प्रयास में ज़िले भर के सभी हितधारकों को एक साथ लाया गया है। यह अभियान सभी विभागों, आदिवासी परिषदों, ग्राम सभाओं और निजी विक्रेताओं के सहयोग से, एक स्वस्थ और हरित निकोबार की आधारशिला रखने में सक्षम है। सभी सरकारी विभाग अपने–अपने अधिकार क्षेत्र में स्वच्छता अभियान आयोजित करते हुए इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रहे है। अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों जैसे

बाजारों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा हैं, जहां निजी दुकानदार भी कचरा मुक्त क्षेत्र सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन का सहयोग कर रहे है। 'स्वच्छ निकोबार, हरित निकोबार' अभियान स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रति जिले की संकल्प को दर्शाता है।

**<><><><><><><>**

श्री विजयपुरम स्थित रामकृष्ण मिशन में कल स्वामी विवेकानन्द जयंती मनाई जाएगी। इस सिलसिले में मंदिर परिसर में सुबह साढ़े चार बजे मंगला आरती होगी। साढ़े सात बजे से विशेष पूजा का आयोजन किया जाएगा। सुबह नौ बजे पुष्पांजलि, कथा उपनिषद पाठ और दिन में बारह बजे से प्रसाद का वितरण किया जाएगा। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानन्द की एक सौ तिरसठवीं जयंती के अवसर पर आयोजित किया जाएगा।

**<><><><><><><>**